**बैठक कार्यवृत्त**

दिनांक 31.05.2025 दिन शनिवार को समय अपरान्ह 5.00 बजे जल जीवन मिशन अन्तर्गत हर घर जल योजना कार्यों की समीक्षा हेतु बैठक गॉधी सभागार कलेक्ट्रेट कार्यालय,कन्नौज में **जिलाधिकारी,महोदय** की अध्यक्षता में आहूत की गयी। बैठक में जिलाधिकारी,महोदय के अतिरिक्त निम्नलिखित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

1. **मुख्य विकास अधिकारी/जिला विकास अधिकारी,कन्नौज।**
2. **अधिशाषी अभियन्ता, जल निगम, कन्नौज।**
3. **प्रतिनिधि वी0एस0ए0 इन्फा हैदराबाद।**
4. **प्रतिनिधि जी0वी0पी0आर0 हैदराबाद।**
5. **प्रतिनिधि डी0पी0एम0यू0 कन्नौज।**

बैठक में जिलाधिकारी,महोदय द्वारा दोनों संस्थाओं की पृथक–पृथक समीक्षा करते हुए निम्नवत् निर्णय लिए गये/निर्देश दिए गये।

**1–भारत सरकार के पोर्टल पर रैकिंगः**–समीक्षा में पाया गया कि टैप वाटर कनेक्शन में जनपद के लक्ष्य 274534 के सापेक्ष उपलब्धि 260470 है, जो 94.88 प्रतिशत हैं, जो कि प्रदेश में 42वें स्थान पर है। 685 के सापेक्ष 359 राजस्व ग्राम सर्टिफाइड है जो कि 52.18 प्रतिशत है तथा प्रदेश में 08वें स्थान पर है। जिलाधिकारी,महोदय द्वारा अधिशाषी अभियन्ता,जलनिगम कन्नौज को निर्देशित किया गया कि ट्यूबवेल निर्माण के सापेक्ष एफ0एच0टी0सी0 की प्रगति अधिक प्रतीत हो रही है, अतः उचित होगा कि एफ0एच0टी0सी0 का सत्यापन करा लिया जाए। जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद की प्रगति और बढ़ाते हुए सर्टिफाइड एवं हैण्डओवर ग्रामों की संख्या अगले सप्ताह तक बढ़ाये जाने के भी निर्देश दिए गये।

**<u>1–वी0एस0ए0 इन्फाः–</u>**

वी0एस0ए0 इन्फा के पास 128 परियोजनाओं में 201 राजस्व गॉव एवं 138 ग्राम पंचायतों में कार्य कराये जाने का लक्ष्य दिया गया था। कुल 138 के सापेक्ष 132 ट्यूबवेल निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है। कुल 1385 किमी0 पाइपलाइन बिछाने के सापेक्ष 1374 किमी0 पाइपलाइन बिछायी जा चुकी है, कुल 11 किमी0 पाइपलाइन बिछाया जाना अभी अवशेष है। एफ0एच0टी0सी0 83264 के सापेक्ष 76563 कनेक्शन दिए जा चुके हैं। कुल 128 परियोजनाओं के 201 राजस्व गॉव के सापेक्ष 37 ग्राम सर्टिफाइड हो चुके हैं। ओ0एच0टी0 निर्माण एवं सर्टिफिकेशन में वी0एस0ए0 इन्फा की प्रगति संतोषजनक नहीं पायी गयी। जिलाधिकारी,महोदय द्वारा असंतोष व्यक्त करते हुए प्रगति बढ़ाये जाने के निर्देश दिए गये।

विगत बैठक में वी0एस0ए0 इन्फा द्वारा 01 ओ0एच0टी0 स्थापित करने का आश्वासन दिया गया था,जिसके सापेक्ष दो सप्ताह में इनके द्वारा 01 ओ0एच0टी0 ग्राम जसौरा में स्थापित किया गया। अगले सप्ताह तक 02 ओ0एच0टी0 ग्राम अतिराजपुर एवं चपुन्ना का कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया है। इसी प्रकार गत बैठक में वी0एस0ए0 इन्फा द्वारा 01 सर्टिफिकेशन बढ़ाने का आश्वासन दिया गया,किन्तु दो सप्ताह में भी कोई सर्टिफिकेशन नहीं किया गया। अगले सप्ताह तक 02 सर्टिफिकेशन ग्राम पंचायत सौंसरी के दो राजस्व गॉव में कार्य पूर्ण कराये जाने का आश्वासन दिया गया है।

**<u>2–जी0वी0पी0आर0ः–</u>**

जी0वी0पी0आर0 की 188 परियोजनाओं में 327 राजस्व गॉव एवं 249 ग्राम पंचायतों में कार्य कराये जाने का लक्ष्य दिया गया था। कुल 209 के सापेक्ष 209 ट्यूबवेल निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है। कुल 2104.67 किमी0 पाइपलाइन बिछाने के लक्ष्य के सापेक्ष 2104.67 किमी0 पाइपलाइन का कार्य कराया जा चुका है। अब पाइपलाइन बिछाने एवं ट्यूबवेल निर्माण का कार्य कोई अवशेष नहीं है। एफ0एच0टी0सी0 114482 के सापेक्ष 108396 कनेक्शन दिए जा चुके हैं। कुल 188 परियोजनाओं के 327 राजस्व गॉव के सापेक्ष 180 ग्राम सर्टिफाइड हो चुके हैं।

विगत बैठक में जी0वी0पी0आर0 द्वारा 01 ओ0एच0टी0 स्थापित करने का आश्वासन दिया गया था,जिसके सापेक्ष दो सप्ताह में इनके द्वारा 01 ओ0एच0टी0 ग्राम नगला खेमकरन दिलावलपुर में स्थापित किया गया। अगले सप्ताह तक 01 ओ0एच0टी0 ग्राम पंचाय बहेड़ा का कार्य पूर्ण करने

Scanned with OKEN Scanner

DEVPKJ/4/2024-DDO-KNJ

का आश्वासन दिया गया है। इसी प्रकार गत बैठक में जी0वी0पी0आर0 द्वारा 02 सर्टिफिकेशन बढ़ाने का आश्वासन दिया गया,जिसके सापेक्ष दो सप्ताह में इनके द्वारा 03 ग्राम का सर्टिफिकेशन ग्राम परसरामऊ,मियॉगंज एवं खाड़ेदेवर का कार्य कराया गया। अगले सप्ताह तक संस्था द्वारा 03 सर्टिफिकेशन ग्राम ज्ञानपुर,मौसमपुर मौरारा एवं मदारपुर का आश्वासन दिया गया।

(एन0डी0द्विवेदी)
जिला विकास अधिकारी
कन्नौज।

कार्यालय जिला विकास अधिकारी, जनपद–कन्नौज।

पत्रॉक 234/जल जीवन मिशन/बैठक–कार्यवृत्त/2025–26 दिनॉक 02/06/2025

**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. अधिशासी निदेशक,राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. प्रबन्ध निदेशक,उत्तर प्रदेश जलनिगम (ग्रामीण) लखनऊ।
3. जिलाधिकारी,महोदय कन्नौज।
4. मुख्य विकास अधिकारी,महोदय कन्नौज।
5. अधिशाषी अभियन्ता,जलनिगम (ग्रामीण) कन्नौज।
6. जिला पंचायत राज अधिकारी, कन्नौज।
7. मेसर्स जी0वी0पी0आर0 इन्जी0 लिमि0 हैदराबाद।
8. मेसर्स वी0एस0ए0 इन्फ्रा हैदराबाद।

Digitally signed by
NARENDRA DEV DWIVEDI
Date: 02-06-2025
18:33:38

जिला विकास अधिकारी,
कन्नौज।

Scanned with OKEN Scanner